(News Clipping)

अमर उजाला
देहरादून | रविवार, 29 सितंबर 2019

# विकास में हो सबकी सहभागिता : चतुर्वेदी

**रुड़की।** भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय की महत्वाकांक्षी उन्नत भारत अभियान योजना के अंतर्गत आईआईटी रुड़की में समन्वयकों की एक दिवसीय कार्यशाला हुई। निदेशक प्रो. एके चतुर्वेदी ने कहा कि गांवों में अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने की जरूरत है। ग्रामीणों को स्वास्थ्य रक्षा के उपायों, स्वच्छता, स्वास्थ्य की देखभाल, ई-लर्निंग की जानकारी स्थानीय भाषा में उपलब्ध कराकर ग्रामीण भारत के विकास में अपना प्रत्यक्ष योगदान दिया जा सकता है। इन गांवों में हम कितना परिवर्तन ला सकते हैं, इसका मूल्यांकन खुद तय करने के बजाय वहां के लोगों से कराना चाहिए। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज संस्थान के निदेशक प्रो. राजीव मोहन पंत ने उच्च शिक्षण संस्थानों की भूमिका के विषय में जानकारी दी। आईआईटी के उप निदेशक प्रो. एम परिदा ने ग्रामीण भारत के विकास में उच्च शिक्षण संस्थानों की भूमिका के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान प्रो. विवेक कुमार, आईआईटी रुड़की के डीन स्रिक प्रो. मनीष श्रीखंडे, प्रो. आरडी सिंह, प्रो. आशीष पांडेय आदि मौजूद रहे।